**सेवा में,**
**श्रीमान प्रभारी महोदय,**
**प्रिन्ट/इलेक्ट्रानिक मीडिया।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**लखनऊ 08 मई।** आज पूरे विश्व में रेडक्रास के जनक सर जीन हेनरी डयूनॅन्ट के जन्म दिवस के अवसर पर विश्व रेडक्रास दिवस कों धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष रेडक्रास का थीम है **#BeHumanKIND**। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि माननीय राज्यपाल उ०प्र० व अध्यक्ष इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी उ०प्र० श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक जी रहें।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी ने राहत सामग्री, स्टैम्प, पेन्टिंग प्रदर्शिनी का निरीक्षण करते हुये हस्ताक्षर अभियान द्वारा इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि माननीय राज्यपाल उ०प्र० व अध्यक्ष इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी उ०प्र० श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि हमें समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए सोचना होगा सफाई कर्मी को भी देना होगा सम्मान। उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल व अध्यक्ष रेडक्रास श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि हम भले ही किसी भी कार्यक्रम में सम्मिलित हो परंतु हमें हर अवसर पर हर कार्यक्रम के दौरान समाज के गरीब से गरीब लोगों के हित के लिए सोचना है उनकी मजबूरी एवं परेशानी को समझना है, खास तौर पर जो लोग सुबह सवेरे सफाई करने के लिए सड़कों पर तैयार होकर आ जाते हैं हमें ऐसे सफाई कर्मचारियों का भी सम्मान करना चाहिए। एक समारोह आयोजित करके ऐसे लोगों को जो समाज के लिए इतना बेहतरीन कार्य कर रहे हैं स्वच्छता अभियान चला रहे हैं उन्हें भी सम्मानित करना चाहिए। श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आध्यात्मिक गुरु आसाराम बापू के लेक्चर के कई उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने अपना एक प्रवचन रखा था जिसमें कुछ लोग उनके पास आए और कहने लगे कि गेहूं के खेतों में आग लग गई है तब आसाराम बापू ने उन किसानों को सलाह दी कि पहले गेहूं के उन गठ्ठो को तत्काल अलग कर लो जिनमें सबसे कम आग लगी है या आग नहीं लगी है उसके बाद आग पर आसानी से काबू पाया जा सकता है किसानों ने ऐसा ही किया और वह सफल हो गए, कहने का तात्पर्य है कि पहले हम समाज के सबसे निचले तबके के लोगों की सबसे पहले मदद करें उसके बाद उससे ऊपर के लोगों की मदद करें और उसके बाद उससे ऊपर के लोगों की मदद करें। इस तरह हमारा समाज विकसित होगा तो समझो पूरा देश ही विकसित हो जाएगा। हम सभी को यह सोचना होगा और सुनिश्चित करना होगा कि हम सभी को पूरी निष्ठा के साथ गरीबों की सेवा के लिये तैयार रहना होगा। यह जोरदार उद्‌गार रेडक्रास दिवस पर आज उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश शाखा कैसरबाग लखनऊ मुख्यालय पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में अपने सारगर्भित विचार मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किए। श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कार्यक्रम में मौजूद तमाम जिलाधिकारियों एवं उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक, औरं रेड क्रॉस सोसाइटी के समस्त कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा की रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से समाज की सेवा में तत्पर हो जाए एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे लोगों की सेवा में अपने को तत्पर कर ले।

प्रदेश की राज्यपाल ने इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी उत्तर प्रदेश को रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर बधाइयां देते हुए अपने कई संस्मरण भी सुनाए और अपने लंबे भाषण में सभी का आह्वान किया कि वह गरीबों की सेवा में आ जाए, इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्री बृजेश पाठक ने अपने ओजस्वी विचारों में रेड क्रॉस सोसाइटी से संबंधित कई विचार कार्यक्रम में रखें एवं सभी को बधाइयां दी।

महासचिव डा० हिमाबिन्दु नायक ने सभी का आभार व्यक्त किया विशेष तौर पर मुख्य अतिथि माननीय राज्यपाल उ0प्र0 व अध्यक्ष इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी उ0प्र0 श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक जी का स्वागत करते हुये उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश रेड क्रॉस सोसाइटी की महासचिव श्रीमती डॉक्टर हिमाबिंदु नायक ने बताया कि कैसे माननीय राज्यपाल महोदया के आने के पश्चात रेडक्रास के कार्यों में प्रगति हुई। इसी क्रम में

उन्होंने रेडक्रास एवं रेडक्रास की गतिविधियों के बारे में जागरूक करते हुये रेडक्रास के इस बार की थीम **#BeHumanKIND के** महत्वता को बताया और कहा कि हमें सभी के प्रति दयालुता का भाव रखना होगा ताकि अधिक से अधिक लोगो की मदद की जा सके।

माननीय राज्यपाल उ०प्र० व अध्यक्ष इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी उ०प्र० श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज रेड क्रॉस सोसायटी उत्तर प्रदेश द्वारा उत्तर प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री एवं मंत्री चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्री बृजेश पाठक जी को 101 ऑक्सीजन कन्सनट्रेटर, 6200 ऑक्सीजन इन्हेलर ट्यूब, 02 वेन्टीलेटर, 28,700 ऑक्सीमीटर, 1000 हाइजीन किट, 1000 तारपोलिन, 2,00,000 मास्क का स्वास्थ्य विभाग उत्तर प्रदेश को हस्तांतरण किया जो कि रेडक्रास के लिये एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

कार्यक्रम में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा कई जिलाधिकारियों को उनकी सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

1. श्री पुलकित खरे, आई.ए.एस. जिलाधिकारी, पीलीभीत
2. श्री आशुतोष निरंजन,आई.ए.एस. तत्कालीन जिलाधिकारी,देवरिया।
3. श्री सुजीत कुमार, आई.ए.एस. जिलाधिकारी, कौशाम्बी।
4. श्री सत्येन्द्र कुमार,आई.ए.एस. जिलाधिकारी, महाराजग ंज।
5. श्री विशाल भारद्वाज, आई.ए.एस.,सीतापुर
6. श्री मणि प्रसाद मिश्र, आई.ए.एस. पूर्व विशेष सचिव, गृह
7. श्री भानू प्रकाश गोस्वामी, आई.ए.एस. जिलाधिकारी,प्रयागराज
8. श्री मनीष वर्मा, आई.ए.एस., जिलाधिकारी, जौनपुर

एवं सोसायटी के 30 पदाधिकारियों, सदस्यों व रेडक्रास में अच्छा कार्य करने वालों को भी उनकी सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

राज्यपाल महोदया जी ने बच्चों को भी पेन्टिग, कोलाज एवं स्लोगन प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Raveena – 1st Painting | Topic – Give Blood and keep the world beating | Lalbagh Inter College, Lucknow |
| 2. | Vanshika Chaurasia – 2nd Painting | | Central Academy |
| 3. | Priya Pal – 3rd Painting | | Shri Gurunanak Girls Inter College, Lucknow |
| 4. | Shraddha Tiwari – 1st Slogan | First aid as an important traffic safety factor | Central Academy |
| 5. | Anjali Kumari – 2nd Slogan | | Lalbagh Inter College, Lucknow |
| 6. | Ayushi Srivastava – 3rd Slogan | | Central Academy |
| 7. | Sharika Khan – 1st Collage | Save Earth | Central Academy |
| 8. | Deepanshi Shrivastava –2nd Collage | | Central Academy |
| 9. | Saima Raffat Ansari –3rd Collage | | Lalbagh Inter College, Lucknow |

उपरोक्त कार्यक्रम में उपसभापति श्री अखिलेन्द्र शाही, कोषाध्यक्ष श्री अरून कुमार सिंह, सदस्य श्री शफीक जमा, सदस्य, स्वयंसेवी एवं अन्य पदाधिकारीगण व संस्था के सभी लोग मौजूद रहे। अन्त में राष्ट्रीयगान एवं सूक्ष्म जलपान के बाद समारोह का समापन किया गया।

**(डा० हिमाबिन्दु नायक)**
**महासचिव**